कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.02.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//
गर्ल्स कॉलेज में
एलुमिनी सम्मेलन आयोजित

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्रा समिति एवं एलुमिनी समिति के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ स्वागत एवं पुष्पवर्षा से हुआ तत्पश्चात् ''मिलन'' में एक–दूसरे से परिचय का आदान–प्रदान हुआ।

संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने विगत वर्ष की गतिविधि रिपोर्ट में बताया की ''एलुमिनी सपोर्ट सीरिज'' के अंतर्गत सभी विभागों की भूतपूर्व छात्राओं ने विषय–विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिया।

इंथ्रोपिडनर के रूप में स्थापित भूतपूर्व छात्रायें, वर्तमान छात्राओं को कौशल विकास प्रदान कर रही है। ''छोटी बहन छात्रवृत्ति'' हमारी एक महत्वकांक्षी योजना है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को मदद की जाती है। इसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

अधोसंरचना विकास के अन्तर्गत भूतपूर्व छात्रा समिति की मांग पर डोमशेड एवं खेल मैदान विकास हेतु दुर्ग विधायक श्री अरूण वोरा द्वारा बीस लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

भूतपूर्व छात्रा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा द्वारा निरंतर छात्राहित एवं महाविद्यालय के विकास के लिये निरंतर प्रयासरत् है, जिसमें कौशल विकास कार्यशाला, खेल एवं कला के क्षेत्र में विशेष पुरूस्कार, प्राध्यापकों का सम्मान सराहनीय है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया की भूतपूर्व छात्रायें अनेक प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत् है एवं समाज में अपने उत्कृष्ट सेवाओं से महाविद्यालय को गौरान्वित कर रही है।

महाविद्यालय के प्रति उनका लगाव उनकी बड़ी संख्या में उपस्थिति प्रदर्शित कर रही है। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर तब्बसुम एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)